>

Title : Regarding shortage of DAP and other fertilizers in Bihar, Uttar Pradesh and West Bengal.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): माननीय सभापति महोदय, देश के विभिन्न भागों में रासायनिक उर्वरक की भारी कमी के चलते डी.ए.पी. और एन.पी.के. खाद किसानों को नहीं मिल रहा है। देश के विभिन्न राज्य, खास तौर से बिहार, यू.पी., एम.पी., छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में रासायनिक खादों की भारी कमी है। बिहार में नालन्दा जिले में डी.ए.पी. और एन.पी.के. की कमी के चलते रबी की बुआई प्रभावित हो रही है।...(व्यवधान)

MR. CHAIRMAN : This matter was discussed during the Calling Attention. So, you can just mention it.

श्री कौशलेन्द्र कुमार : खाद की तस्करी और कालाबाजारी के चलते किसानों को जो खाद चोरी-छिपे मिल भी रही है, उसका दाम व्यापारी बढ़ाकर ले रहे हैं। इसलिए मैं सदन से मांग करता हूं कि नालन्दा जिले में डी.ए.पी. खाद की पूरी व्यवस्था सरकार करे।